**दिनांक–20.03.2026 को प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0, पटना की अध्यक्षता में अदालतगंज, पटना में निर्माणाधीन पटना उच्च न्यायालय, पटना के पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों के आवासन हेतु द्वितीय फेज (Phase-II) अंतर्गत बहुमंजलीय आवासीय भवन में मोड्यूलर किचेन निर्माण कार्य का परिवाद निस्तार हेतु तकनीकी बीड पर विचार करने हेतु निगम निविदा समिति की बैठक की कार्यवाहीः–**

---

**उपस्थिति**

1. **श्री कुमार अनुराग** – अध्यक्ष
   प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लिमिटेड, बिहार, पटना
2. **श्री सुरेश प्रसाद प्रभाकर** – सदस्य
   अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–
   सह–विशेष सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना।
3. **श्री अनिल कुमार** – सदस्य
   मुख्य महाप्रबंधक,
   बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लिमिटेड, बिहार, पटना
4. **श्री सत्येन्द्र कुमार चौधरी** – सदस्य
   महाप्रबंधक (दक्षिण),
   बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लिमिटेड, बिहार, पटना
5. **श्री विकास कुमार पाण्डेय,** – सदस्य
   आन्तरिक वित्तीय सलाहकार,
   भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना
6. **श्री विकास कुमार पाण्डेय,** – सदस्य
   महाप्रबंधक (वित्त),
   बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लिमिटेड, बिहार, पटना

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | योजना का नाम | – | अदालतगंज, पटना में निर्माणाधीन पटना उच्च न्यायालय, पटना के पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों के आवासन हेतु द्वितीय फेज (Phase-II) अंतर्गत बहुमंजलीय आवासीय भवन में मोड्यूलर किचेन निर्माण कार्य। |
| 2. | योजना की प्रशासनिक स्वीकृति की राशि | – | ₹501.92 लाख विधि विभाग का पत्रांक–90 दिनांक–06.01.2026. |
| 3. | योजना की तकनीकी स्वीकृति की राशि | – | ₹494.00 लाख, दिनांक–21.01.2026 |
| 4. | परिमाण विपत्र की राशि | – | ₹4,61,68,106.00 |
| 5. | निविदा प्रसारण का माध्यम | – | ई–निविदा एवं दैनिक समाचार पत्र |
| 6. | निविदा आमंत्रण सूचना प्रकाशन की तिथि एवं प्रकाशित समाचार पत्र का नाम | – | दिनांक–15.01.2026 को दैनिक जागरण एवं दैनिक भास्कर में। |
| 7. | निविदा संख्या एवं प्रकाशन का पी0आर0 संख्या | - | **70/2025-26, 021798(B&C)2025-26** |
| 8. | निविदा प्राप्ति (डाउनलोड) की तिथि एवं समय | – | दिनांक–28.01.2026 से 19.02.2026 के 15:00 बजे तक |

9. निविदा जमा (अपलोड) की अंतिम तिथि एवं समय – दिनांक–20.02.2026 के 15:00 बजे तक

10. तकनीकी बीड खोलने की तिथि एवं समय – दिनांक–23.02.2026 के 15:00 बजे

11 निविदा में भाग लेने वाले निविदादाता

(i) M/s Rahul Trading Company(Prop.-Mali Ram Gupta), House No.-23, Grag Enclave, 2nd Floor, Flat B2, Tarun Nagar, Dispur, Kamrup Metro, Assam, Pin- 781005

(ii) P.R. Enterprises, (Prop. Punita Tiwari), Sujatpur Tilanga Gopiganj, Sant Ravidas Nagar, U.P.- 221303

(iii) M/s Shamim Uddin (Prop.-Md Shamim Uddin), S/o-Md Zeyauddin, Road, No.4, White House, Compound, Distt.-Gaya, Bihar.

12.तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की कार्यवाहीः–

विषयांकित कार्य की निविदा से संबंधित दिनांक–05.03.2026 को सम्पन्न तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक की अनुशंसा के आलोक में सर्वसम्मति से निगम निविदा समिति की दिनांक–06.03.2026 की बैठक में इस निविदा में शामिल कुल तीन निविदादाताओं के से दो निविदादाताओं (i) **M/s Rahul Trading Company (Prop.-Mali Ram Gupta),** House No.-23, Grag Enclave, 2nd Floor, Flat B2, Tarun Nagar, Dispur, Kamrup Metro, Assam, Pin-781005 (ii) **M/s Shamim Uddin (Prop.-Md Shamim Uddin),** S/o-Md Zeyauddin, Road, No.4, White House, Compound, Gaya, Bihar को तकनीकी बीड में **रेस्पॉन्सिव** पाये जाने के उपरान्त **सफल** एवं एकमात्र निविदादाता (i) **P.R. Enterprises, (Prop. Punita Tiwari)**, Sujatpur Tilanga Gopiganj, Sant Ravidas Nagar, U.P.- 221303 को तकनीकी बीड में **नॉन रेस्पॉन्सिव** पाये जाने के उपरान्त **असफल** घोषित किया गया था। साथ ही समिति द्वारा यह भी निर्णय लिया गया था कि इस कार्यवाही को निगम वेबसाईट पर रखा जाय। दिनांक–12.03.2026 के अपराह्न 12.30 बजे तक निविदा से संबंधित किसी प्रकार का परिवाद प्राप्त होता है, तो मुख्य महाप्रबंधक, बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0, पटना पुनः तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक आहूत करेंगे। उक्त तिथि तक किसी प्रकार की परिवाद/आपत्ति प्राप्त नही होने की स्थिति में अग्रेतर कार्रवाई करेंगे।

उक्त क्रम में दिनांक–12.03.2026 को दो परिवाद Adyaraj Developers Pvt. Ltd. एवं Riya Ventures द्वारा समर्पित किया गया। दोनों परिवाद के मुख्य बिन्दु निम्नवत् हैंः–

**Adyaraj Developers Pvt. Ltd., Patna से संबंधित परिवादः–**

| क्र0सं0 | परिवाद | परिवाद का उत्तर |
|---|---|---|
| 1 | Adyaraj Developers Pvt. Ltd., Patna के द्वारा समर्पित परिवाद में मुख्य रूप से यह कहा गया है कि मूल योजना यथा अदालतगंज पटना में पटना उच्च न्यायालय पटना के पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों के आवासन हेतु द्वितीय फेज अंतर्गत नवनिर्मित बहुमंजलीय आवासीय भवन का कार्य इनके द्वारा किया जा रहा है। इसी योजना में नए कार्यों के लिए निविदा आमंत्रित किया गया है। आमंत्रित निविदा में | Adyaraj Developers Pvt. Ltd., Patna के द्वारा मूल कार्य यथा अदालतगंज पटना में पटना उच्च न्यायालय पटना के पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों के आवासन हेतु द्वितीय फेज अंतर्गत नवनिर्मित बहुमंजलीय आवासीय भवन का कार्य इनके द्वारा किया जा रहा है और Modular Kitchen का निर्माण एवं अधिष्ठापन एवं अन्य कार्य की मूल कार्य से अलग प्रशासनिक स्वीकृति प्रशासी विभाग से प्राप्त होने के कारण इस कार्य का |

| | | |
|---|---|---|
| | वर्णित कार्य यथा– Modular Kitchen का निर्माण एवं अधिष्ठापन एवं अन्य कार्य पूर्व में जो संवेदक मूल भवन का कार्य कर रहा हूँ, इसलिए यह कार्य मुझे ही मिलना चाहिए। इसके साथ ही परिवादी द्वारा यह भी लिखा गया है कि निविदा शर्त्तों में वर्णित Modular Kitchen का निर्माण एवं अधिष्ठापन से संबंधित अहर्ता/अनुभव परिवादी/मैजूदा संवेदक जो भवन का मूल कार्य कर रहा है उसके पास नहीं है जिसके कारण वह निविदा में भाग नहीं ले सका। | निविदा आमंत्रित किया गया था, जिसकी इनको पूर्ण जानकारी थी फिर भी निविदा आमंत्रण के बाद न तो इन्होंने प्री–बीड मिटिंग में भाग लिया और न ही निविदा शर्त्त में संशोधन हेतु कोई लिखित कागजात कार्यालय में समर्पित किया।<br>निविदादाताओं को निविदा में भाग लेने के लिए तकनीकी अहर्ता को पूरा करना अति आवश्यक है। अगर किसी निविदादाता को किसी भी निविदा में भाग लेने के लिए जरूरी तकनीकी अहर्ता नहीं है या तकनीकी अहर्ता में संशोधन करवाना है तो निविदा आमंत्रण के समय ही प्री–बीड मिटिंग की तिथि निर्धारित की जाती है, जिसमें तकनीकी समिति के सदस्यों के द्वारा निविदादाताओं को निविदा में भाग लेने हेतु होने वाली परेशानियों को दूर करने एवं तकनीकी अहर्ता में सुधार हेतु निर्णय लिया जाता है।<br>उक्त निर्माण कार्य के प्री–बीड मिटिंग हेतु निर्धारित तिथि को किसी भी निविदादाता के द्वारा भाग नहीं लिया गया और न ही लिखित रूप में कोई कागजात किसी भी संशोधन हेतु उपलब्ध करवाया गया।<br>इसलिए परिवादी के परिवाद को अमान्य किया जाता है। |

**Riva Ventures, Patna से संबंधित परिवादः–**

| क्र0सं0 | परिवाद | परिवाद का उत्तर |
|---|---|---|
| 1 | अदालतगंज पटना में पटना उच्च न्यायालय पटना के पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों के आवासन हेतु द्वितीय फेज अंतर्गत बहुमंजलीय आवासीय भवन का निर्माण कार्य में निर्मित भवनों में Modular Kitchen अधिष्ठापन करना है। सामान्य रूप से इस प्रकार के विशिष्ट कार्य के लिए किसी अनुभव प्राप्त एजेंसी से MOU (Memorandum of Understanding) कर इस प्रकार का कार्य सम्पन्न किया जाता है। Modular Kitchen के इस विशिष्ट कार्य हेतु अनुभव प्राप्त विशिष्ट एजेंसी से MOU (Memorandum of Understanding) नहीं करके इस कार्य के लिए निविदा आमंत्रित करना ही उचित नहीं है। | अदालतगंज पटना में पटना उच्च न्यायालय पटना के पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों के आवासन हेतु द्वितीय फेज अंतर्गत नवनिर्मित बहुमंजलीय आवासीय भवन में Modular Kitchen का निर्माण एवं अधिष्ठापन एवं अन्य कार्य हेतु विधि विभाग, बिहार के द्वारा अलग से प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई है। कार्य Modular Kitchen का निर्माण एवं अधिष्ठापन के साथ असैनिक कार्य से भी संबंधित है।<br>उक्त कार्य हेतु अलग से प्रशासनिक स्वीकृति प्राप्त होने के कारण मूल कार्य से अलग तरह का कार्य होने के कारण एजेंसी के चयन के लिए एस0बी0डी0 के माध्यम् से निविदा आमंत्रित की गई है। |
| 2 | मॉडयूलर किचेन के अनुभवी एजेंसियों को ही किचेन अधिष्ठापन का विशिष्ट अनुभव होता है जबकि वांछित शर्तों में earth work excavation एवं RCC/PCC की शर्त्त को रखंना उचित नहीं है। इस शर्त्त से अनुभव प्राप्त विशिष्ट एजेंसी की भागीदारी सिमित हो जाती है। | उक्त निर्माण कार्य के लिए आमंत्रित निविदा के तकनीकी अहर्ता हेतु मदों यथा Modular Kitchen का निर्माण एवं अधिष्ठापन कार्य, earth work excavation एवं RCC/PCC की मात्रा की माँग की गई थी। उक्त कार्य के परिमाण विपत्र में इन सभी की मात्रा समाहित है। परिमाण विपत्र में Modular Kitchen का निर्माण एवं अधिष्ठापन कार्य, earth work excavation एवं RCC/PCC का मद रहने के कारण ही निविदा के तकनीकी अहर्ता में इन मदों की 50 प्रशित मात्रा को रखा गया था।<br>इसलिए परिवादी के उक्त परिवाद को अमान्य किया जाता है। |

| | | |
|---|---|---|
| 3 | पुनः कंडिका 4.5 (b) में ही यह अंकित है कि समान प्रकृति के कार्य का अनुभव निविदा राशि के 50 प्रतिशत होनी चाहिए परन्तु उपरोक्त कंडिका 4.5 (c) में Modular Kitchen हेतु वांछित राशि 2,10,00,000/– है जबकि आमंत्रित निविदा मूल्य के अनुसार यह वांछित राशि 2,30,84,053/– होनी चाहिए थी चुंकि आमंत्रित कार्य की प्राक्कलित राशि 4,61,68,106/– है। | किसी भी कार्य की निविदा में समान प्रकृति के कार्य हेतु अनुभव 50 प्रतिशत रखने का प्रावधान है। विदित हो कि परिमाण विपत्र में Modular Kitchen का निर्माण एवं अधिष्ठापन कार्य, earth work excavation एवं RCC/PCC के कार्य भी शामिल है। कार्य की निविदा में सिर्फ Modular Kitchen का ही कार्य नहीं कराया जाना है इसलिए निविदा के तकनीकी अहर्ता में पूरे कार्य यानि परिमाण विपत्र में अंकित राशि का 50 प्रतिशत समान प्रकृति के अनुभव के लिए SBD की कंडिका 4.5 (b) के तहत की माँग की गई है।<br>SBD की कंडिका 4.5 (c) के तहत मदों की मात्रा के रूप में Modular Kitchen के लिए 2,10,00,000/–, earth work excavation के लिए 105 CUM एवं RCC+PCC के लिए 55 CUM तकनीकी अहर्ता रखी गई थी।<br>इसलिए परिवादी के उक्त परिवाद को अमान्य किया जाता है। |
| 4 | सफल निविदादाताओं के द्वारा निविदा में समर्पित दस्तावेज एवं अनुभव प्रमाण–पत्रों की सत्यता की जाँच पूर्ण नहीं की गई है। | निविदादाताओं के द्वारा निविदा हेतु अपलोड किये गये दस्तावेज का मूल्यांकन तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति के द्वारा किया गया है साथ ही निविदादाताओं के अनुभव प्रमाण–पत्रों की जाँच हेतु भेजा गया। जाँच में अनुभव प्रमाण–पत्र के सत्यता की पुष्टि हो चुकी है।<br>इसलिए परिवादी के उक्त परिवाद को अमान्य किया जाता है। |

**13.तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसाः–**

उपरोक्त तथ्यों पर सम्यक विचारोपरान्त तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा सर्वसम्मति से दिनांक–06.03.2026 को निगम निविदा समिति की बैठक में लिये गये निर्णय को यथावत रखते हुए वित्तीय बीड खोलकर अग्रेतर कार्रवाई करने की अनुशंसा निगम निविदा समिति से की गयी है।

**14.निगम निविदा समिति का निर्णयः–**

उपरोक्त तथ्यों पर सम्यक विचारोपरान्त तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की दिनांक–05.03.2026 की अनुशंसा के आलोक में निगम निविदा समिति द्वारा सर्वसम्मति से दिनांक–06.03.2026 को सम्पन्न बैठक में लिये गये निर्णय को यथावत रखते हुए दोनों निविदादाताओं (i) **M/s Rahul Trading Company (Prop.-Mali Ram Gupta),** House No.-23, Grag Enclave, 2nd Floor, Flat B2, Tarun Nagar, Dispur, Kamrup Metro, Assam, Pin-781005 (ii) **M/s Shamim Uddin (Prop.-Md Shamim Uddin),** S/o-Md Zeyauddin, Road, No.4, White House, Compound, Gaya, Bihar का वित्तीय बीड खोलकर मुख्य महाप्रबंधक तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक आहूत कर समिति के समक्ष प्रस्तुत करेगे।

इस कार्यवाही को निगम बेवसाईट पर अपलोड की जाय।

अंत में बैठक सधन्यवाद समाप्त हुई।

(विकास कु0 पाण्डेय)
महाप्रबंधक(वित्त),
बिहार राज्य भवन निर्माण
निगम लिमिटेड, पटना

(विकास कु0 पाण्डेय)
आंतरिक वित्तीय सलाहकार
भवन निर्माण विभाग
बिहार, पटना

(सत्येन्द्र कुमार चौधरी)
महाप्रबंधक(दक्षिण),
बिहार राज्य भवन निर्माण
निगम लिमिटेड, पटना

(अनिल कुमार)
मुख्य महाप्रबंधक,
बिहार राज्य भवन निर्माण
निगम लिमिटेड, पटना

(सुरेश प्रसाद प्रभाकर)
अभियंता प्रमुख–सह–अपर
आयुक्त–सह–विशेष सचिव,
भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना

(कुमार अनुराग)
प्रबंध निदेशक,
बिहार राज्य भवन निर्माण
निगम लिमिटेड, पटना